बिहार विधान सभा सचिवालय
विज्ञापन संख्या–04/2018 से संबंधित आवश्यक सूचना

(1) बिहार विधान सभा सचिवालय में (*i*) क्रम पत्र वितरक (*ii*) कार्यालय परिचारी (दरबान) (*iii*) कार्यालय परिचारी (*iv*) पुस्तकालय परिचारी (*v*) कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी) (*vi*) कार्यालय परिचारी (माली) एवं (*vii*) कार्यालय परिचारी (फर्राश) के पदों पर सीधी भरती हेतु विज्ञापन सं०–4/2018 के अन्तर्गत आनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 23.10.2018 तथा अंतिम तिथि 22.11.2018 निर्धारित की गई थी। इसके आलोक में कुल 5,51,885 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

(2) अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण Online Interview Slot Booking System (OISBS) को अपनाया गया था। इसके तहत अभ्यर्थियों द्वारा अपने सुविधानुसार साक्षात्कार की तिथि एवं समय का चयन किया गया। इसके तहत आवेदन करने वाले 5,51,885 अभ्यर्थियों के विरूद्ध कुल 1,08,078 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार हेतु स्लॉट बुक किया गया।

(3) एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने पद की प्राथमिकता दर्ज करने हेतु दिनांक 06.09.2019 से 20.09.2019 तक लिंक दिया गया। अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में प्राथमिकता दर्ज नहीं किये जाने की स्थिति में सभा सचिवालय द्वारा प्राथमिकता निर्धारित की गई।

(4) उक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु दिनांक 11.09.2019 से 25.01.2020 तक सभा सचिवालय के एनेक्सी भवन में साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार हेतु 1,08,078 के विरूद्ध मात्र 56,342 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।

(5) उक्त सात कोटि के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के मेधाक्रमानुसार अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पदों हेतु आरक्षण कोटिवार परीक्षाफल दिनांक 11.08.2020 को प्रकाशित किया गया है।

(6) साक्षात्कार में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का प्राप्तांक वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दिया गया है, जिसे अभ्यर्थी दिनांक 28.09.2020 तक देख सकते हैं।

(7) उक्त पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु आयोजित साक्षात्कार में अभ्यर्थियों को प्राप्त अंकों का आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ मार्क्स पदवार निम्न हैः–

आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ मार्क्स

क्रम सं०	पद	आरक्षण कोटि									
		अनारक्षित		अनुसूचित जाति		अनुसूचित जनजाति	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग		पिछड़ा वर्ग		पिछड़े वर्ग की महिला
		पुरूष	महिला	पुरूष	महिला		पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	
1.	क्रम पत्र वितरक	75	75	72	—	—	74	—	74	—	73
2.	कार्यालय परिचारी (दरबान)	74	—	72	70	—	74	70	—	—	—
3.	कार्यालय परिचारी	74	72	70	69	70	72	70	74	—	70
4.	पुस्तकालय परिचारी	75	—	73	—	—	74	—	75	—	73
5.	कार्यालय परिचारी (माली)	73	70	72	69	—	72	70	72	70	70
6.	कार्यालय परिचारी (फर्राश)	74	71	70	—	—	72	—	—	—	—
7.	कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी)	72	—	—	—	—	71	70	71	—	70

(8) परीक्षाफल में महिलाओं के लिए आरक्षण कोटिवार उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ तथा कार्यालय परिचारी के पद हेतु दिव्यांग कोटि के अन्तर्गत एवं भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानियों के नाती/नतिनी/पोता/पोती के लिए क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिया गया है।

(9) प्रकाशित विज्ञापन के अन्तर्गत सात कोटि के पदों पर सीधी भर्त्ती हेतु औपबंधिक रिक्तियों की विवरणी प्रदर्शित की गई थी, परन्तु चयन प्रक्रिया की अवधि में पदों की संख्या में वृद्धि होने के फलस्वरूप विज्ञापन में घोषित कुल 152 रिक्तियों के विरूद्ध कुल 161 पदों के लिए परीक्षाफल जारी किया गया है।

11.9.2020

अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।